कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 24/12/2024

प्रेस विज्ञप्ति

कन्या महाविद्यालय दुर्ग के सात बास्केटबाल एवं एथलेटिक्स में एक खिलाड़ी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम में

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के सात बास्केटबाल खिलाड़ियों का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम हेतु हुआ। ये खिलाड़ी दिनांक 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित ईस्ट जोन यूनिर्वसिटी प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता बी.आर.ए. युनिर्वसिटी मुजफ्फरपुर बिहार में आयोजित है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय के खिलाड़ी इस प्रकार है - कु. रितिका निषाद, कु. डी. कीर्ति, कु. ज्योति प्रज्ञापति, कु. अर्चना निषाद, डी. अनुषा, जन्नत अली। रितिका, ज्योति, कीर्ति, अनुषा ओपन नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुके है, डी.कीर्ति शालेय जीवन में अन्तर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी है।

महाविद्यालय की एथलिट सत्यभामा का चयन 400 सौ मीटर हर्डल्स एवं रिले हेतु अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हेतु हुआ है। यह प्रतियोगिता दिनांक 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सांईसेज भुनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित है।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

कन्या महाविद्यालय दुर्ग के सात बास्केटबाल एवं एथलेटिक्स में

एक खिलाड़ी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम में

बास्केटबॉल खिलाड़ी

सत्यभामा एथलेटिक्स खिलाड़ी